## सार-समाचार

### पीएम मोदी के मन की बात सुनी



**करौली**, (निसं)। राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश अनुसार जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन कि बात के 116 वें एपिसोड को भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा देखा और सुना गया। महामंत्री भाजपा शहर मंडल करौली आशीष जैन एडवोकेट के नेतृत्व में बूथ संख्या 129 पर श्याम सैन,आशुतोष जैन आदि कि उपस्थिति में एपिसोड देखा व सुना गया बूथ संख्या 138 पर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल के नेतृत्व में एपिसोड देखा गया जहां विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी,के के सारस्वत,कपिल जिंदल,जगदीश,सुरेशशुक्ला, जयेन्द्र सिंह एडवोकेट,अशोक चतुर्वेदी,योगेंद्र सिंहल,कुलदीप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे बूथ संख्या 147 पर वीरेंद्र मित्तल के नेतृत्व में कार्यक्रम देखा गया जहां पर नरेश लोधा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे, बूथ संख्या 151 पर आचार्य वेद राधे के नेतृत्व में कार्यक्रम देखा गया जहां मुकेश माली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे,बूथ संख्या 125 पर मण्डल महामंत्री नितेश महावर के नेतृत्व में कार्यक्रम देखा गया जहां राघवेंद्र सिंह एवं आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे,बूथ संख्या 108 पर मण्डल महामंत्री तेजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम को देखा व सुना गया जहां कपिल देव पाराशर एवं आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोहम्मद गाजी का चयन

**करौली**, (निसं)। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर में आज सोमवार से आयोजित होने वाली अंडर 23 बॉयज क्रिकेट प्रैक्टिस मैच के लिए राजस्थान कि टीम में करौली निवासी मोहम्मद गाजी का सिलेक्शन हुआ। जिला किक्रेट संघ के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 23 क्रिकेट मैच कि प्रैक्टिस टीम में राजस्थान की टीम में करौली जिले के क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद गाजी का सिलेक्शन किया गया है। मोहम्मद गाजी ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित कि गई अंडर 23 और कॉल्विन शील्ड एवं चैलेंजर क्रिकेट प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करते हुए शतक लगाए एवं कई विकेट भी लिए उनके इस प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा करौली जिले के इस प्रतिभाभान खिलाड़ी का चयन राजस्थान की टीम में जो आज सोमवार से जयपुर में प्रैक्टिस मैच खेलेगी उसमें सेलेक्शन किया गया है। मोहम्मद गाजी के सिलेक्शन होने पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक,सचिव शिवचरण माली,उपाध्यक्ष अनिल शर्मा,गोपाल सिंह,वासुदेव गोस्वामी,संयुक्त सचिव अरुण शर्मा,संजय पाल,रवि पाठक,अखिलेश चतुर्वेदी,प्रियाकांत बेनीवाल एवं प्रवीण शुक्ला और जिले के समस्त खिलाड़ियों ने मोहम्मद गाजी को बधाई दी।

### बाइक सवार दम्पति घायल

**नदबई**, (निस)। नदबई-डहरा रोड पर गांव बैलारा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट से बाइक सवार दम्पत्ति घायल हो गए। ग्रामीणों ने 108 एम्बूलेंस की सहायता से घायल दम्पत्ति को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में घायल महिला को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। गांव बाजीतपुरा निवासी निरोती जाटव पुत्र सोनपाल जाटव अपनी पत्नी माया देवी को बाइक पर लेकर बांसी जा रहा। इसी दौरान गांव बैलारा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट से बाइक सवार दम्पत्ति घायल हो गई। बाद में घायल महिला को गंभीर स्थिति होने पर उपजिला चिकित्सालय से जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। उधर, हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

### रिटायर्ड कैप्टेन शर्मा का निधन

**सूरौठ**, (निसं)। कस्बा निवासी कैप्टेन शिवराम शर्मा का शनिवार को हृदय गति रुकने से हुआ निधन कैप्टेन शिवराम शर्मा का जन्म 20 फरवरी 1964 को हुआ। शिवराम शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत 17 साल की उम्र में दिसंबर1982 मे फौज में चयनित होकर की। अपने सेवा काल में दो बार राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी व प्रतिभा पाटिल द्वारा सम्मानित किए गए। अपनी सेवा के दौरान कई अभ्यास व कारगिल युद्ध में देश की सेवा की। उन्होंने अपने सेवा काल में ऑफस राईनो, ऑफस आसाम, एवं जे एंड के आदि विभिन्न मेडलो से सम्मानित किए गए। अपनी सेवा के दौरान देश के जम्मू कश्मीर बॉर्डर एरिया, राजस्थान जैसलमेर, अहमदनगर, सिकंदराबाद तैनात रहे। उन्हें सैनिक से लेकर कैप्टन पद तक प्रमोशन मिले। उन्होंने 30 साल की सेवा 31 दिसंबर 2012 तक की। कैप्टन शिवराम शर्मा के पुत्र जयप्रकाश शर्मा, व छोटा पुत्र महेंद्र कुमार शर्मा वायु सेना में कार्यरत है पुत्री गौरी है। गांव में जैसे ही निधन का समाचार लगा कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। शव यात्रा में गांव के सामाजिक ,राजनीतिक, अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

### श्रीमदभागवत कथा आज से

**सूरौठ**, (निसं)। तहसील क्षेत्र के रीझवास गांव में सोमवार से श्रीमद् भागवत कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जिसकी सोमवार को विशाल कलश यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गो से बैंड बाजों के साथ विधिवत पूजा अर्चना के साथ निकाली जाएगी आयोजन समिति सदस्य अभय सिंह गुर्जर, एवं भूरा गुर्जर भाजपा नेता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव रीझवास में आयोजन समिति प्रमुख सदस्य पीतम सिंह सेक्रेटरी ने कहा कि श्रीमद् भागवत सात दिवसीय कथा का आयोजन होगा जिसमें कथा व्यास राष्ट्रीय भागवत वक्ता विष्णु चेतन महाराज जी द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जाएगा सोमवार को गांव में प्रमुख रास्तों से कलश यात्रा निकाली जाएगी श्रीमद् भागवत कथा की तैयारी के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां बांटी गई है तहसील क्षेत्र में इतना बड़ा कार्यक्रम पहली बार हो रहा है जिससे लोगों में विशेष उत्साह है।

# किसान भवन की बेशकीमती सरकारी जमीन को खुर्दबुर्द करने की तैयारी

**बयाना**, (निस)। बयाना में जहां भूमाफियाओं और जमीनों का अवैध रूप से क्रय विक्रय करने व अवैध रूप से कालोनियां और आवासीय परिसर बनाकर करोड़ों के बारे न्यारे करने वाले तथाकथित बिल्डरों के हौसले बुलंद हैं। वहीं ऐसा ही एक गठजोड़ अब कस्बे के बीचो-बीच स्थित एक बेश कीमती सरकारी भूखंड को बड़े ही शातिराना तरीके से खुर्दबुर्द करने की तैयारी में लगा है। जिसमें कुछ अधिकारियों व सफेदपोशों के नाम की चर्चाएं भी होने लगी हैं।

यह विशाल भूखंड कस्बे के बीचो-बीच और अनाज मंडी से सटा हुआ बताया है। जिस पर किसान भवन भी बना हुआ है जो अब विभागीय अधिकारियों की मनमानी व देखरेख के अभाव में खंडहर के रूप में तब्दील हो चुका है। यह किसान भवन कृषि उपज मंडी समिति की ओर से किसानों अर्थात मंडी में अपनी फसलें बेचने आने वाले किसानों व मजदूरों के ठहरने और उनके विश्राम आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाया गया था। किंतु इस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इसके रखरखाव और किसानों की सुख सुविधाओं को लेकर कभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और यह विशाल भवन धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील हो गया। जिसे अब मरम्मत करने या वहां पर किसानों की सुविधाओं के लिए नया भवन बनाने के बजाय अब उसे बेचने की तैयारी कर ली गई है। बताया गया है कि इस विशाल भूखंड पर नज़रें गढ़ाए बैठे कुछ लोगों ने विभागीय अधिकारियों से सांठगांठ कर इस भूखंड को उन्हीं लोगों के लिए



बयाना के बीचों बीच स्थित किसान भवन की बेशकीमती सरकारी जमीन को खुर्दबुर्द करने की तैयारी, जमीन पर भूमाफियाओं की नजर।

डीएलसी दरों से आधी दरों पर बिक्री करने की योजना तैयार कर विभागीय उच्च अधिकारियों से भी बड़ी ही सफाई से स्वीकृति भी प्राप्त कर ली बताई है। जिसे बहुत जल्दी अंजाम देने के लिए पूरा ले आउट प्लान भी तैयार कर दिया गया है। जिसके अनुसार इस विशाल किसान भवन के भूखंड में से 15 फीट चौड़े व 40 फीट लंबे करीब 16 भूखंड बनाए गए हैं। बयाना में इस किसान विशाल भूखंड से सटी कॉलोनी में इस समय 35000 रुपए से 40000 प्रति वर्ग गज तक की रेट बताई गई है। जबकि कृषि उपज मंडी के अधिकारीयों ने इस भूखंड को डीएलसी रेटों से आधी रेटों पर कुछ लोगों के लिए आवंटित करने की तैयारी कर ली है। डीएलसी रेटें इस इलाके में प्रचलित मार्केट रेटों से कई गुना कम बताई है।

आपको बता दें इससे पहले भी कृषि उपज मंडी समिति क्षेत्र के इसी प्रकार एक अन्य बेशकीमती भूखंड को मिली भगत के चलते गुपचुप तरीके से खुर्दबुर्द कर दिया गया था। किंतु उच्च स्तरीय सांठ गांठ व भ्रष्टाचार के चलते बाद में यह मामला ठंडा हो गया और रफा दफा कर दिया और भूखंड को भी बड़े ही शातिराना तरीके से बेच दिया गया था। जिसका मामला अब न्यायालय में विचाराधीन बताया है। वहीं जानकार लोगों की माने तो किसान विश्रामगृह अर्थात किसान भवन की इस बेशकीमती भूमि को किसी अन्य उपयोग के लिए हस्तांतरित या विक्रय या आवंटित नहीं किया जा सकता। वही प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़े लोगों का मानना है कि अगर खुली नीलामी से इस भूखंड का विक्रय या आवंटन किया जाए तो विभाग को अर्थात सरकार को कई करोड़ रुपए की आय होगी। वहीं किसानों के हितों का अब क्या होगा इधर इस मामले में जब कृषि उपज मंडी समिति के सचिव से फोन पर संपर्क कर जानकारी चाही गई तो उन्होंने अपने आप को बाहर बताया और कहा कि वह जल्द ही बयाना आ रहे हैं। तब मिल बैठकर बात करेंगे उन्होंने ज्यादा पूछने पर यह भी बताया कि यह भूखंड 16 लोगों को आवंटित किया जाना प्रस्तावित है। जिसे व्यावसायिक उपयोग अर्थात गोदामो के लिए चिन्हित किया गया बताया है।

# युवक-युवती परिचय व वैवाहिक परामर्श केन्द्र का शुभारम्भ

**भरतपुर**, (निसं)। युवा अठावाल महासभा भरतपुर द्वारा स्वास्थ्य मंदिर के महाराजसर स्थित आश्रम पर संचालन का शुभारम्भ किया गया। शुरूआत अठावाल महासभा के जिलाध्यक्ष अतुल मित्तल, वैश्य महासभा के जिलाध्यक्ष अनिल लोहिया एवं युवा महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल द्वारा परिचय केन्द्र का फीता खोलकर किया गया। संचालन महामंत्री अनिल गोयल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने बताया कि हमारा प्रयास है कि वैश्य समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिलना चाहिये। परिचय केन्द्र पर कोई भी व्यक्ति आकर अपने पुत्र या पुत्री का रजिस्ट्रेशन करा सकता है और वहां पर मौजूद वर-वधु के पंजीयन की जानकारी ले सकता है जो भी वर वधु उनके उपयुक्त होगा। उसके बुलाकर दोनों की काउन्सिलिंग कराकर उनका परिवार बसाने की कोशिश की जायेगी। इसका पारिवारिक विवाद के



वैश्य युवक युवती परिचय व वैवाहिक परामर्श केन्द्र का शुभारंभ हुआ।

विषय पर भी कोई भी आकर काउन्सिलिंग की सुविधा ले सकता है। अतुल मित्तल, अनिल लोहिया, नरेन्द्र सिंघल, नरेन्द्र अठावाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, प्रभा सिंह ने युवा अग्रवाल महासभा एवं स्वास्थ्य मंदिर की इस पहल की भरपूर प्रशंसा की और कहा कि आज समाज को इस प्रयास की बहुत आवश्यकता है। अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल की कार्यकारिणी द्वारा बहुत अच्छे कार्य किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में इकाई अध्यक्ष प्रमेन्द्र गुप्ता, एसपी जिंदल, प्रमोद अठावाल के अलावा वीरेन्द्र अठावाल, प्रमोद अठावाल, रजत गर्ग, गौरव गोयनका, मुकुल गोयल, कपिल बंसल, शिवम जिंदल, पुनीत गोयल, आशीष गुप्ता, प्रासुल सिंघल इत्यादि उपस्थित रहे।

## अग्रवाल समाज का परिचय सम्मेलन संपन्न

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अग्रवाल समाज सेवा समिति उदई मोड गंगापुर सिटी के सानिध्य में अग्र संचार नेट, राजस्थान द्वारा रविवार को महाराजा अग्रसेन जी एवं लक्ष्मी जी की प्रतिमा के समक्ष सोहन लाल गुप्ता और लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दीप प्रजवल्लित कर विवाह योग्य युवक- युवतियों के परिचय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष सोहनलाल गुप्ता ने बताया कि परिचय कार्यक्रम रविवार को अग्रसेन सेवा सदन उदई मोड, गंगापुर सिटी में निःशुल्क आयोजित किया जाता है। अग्र बंधुओं की डिमांड पर तिगड्डा का प्रोग्राम दिसंबर माह के द्वितीय रविवार को रखा गया है इसमें युवक युवतियों को आना अनिवार्य है। परिचय कार्यक्रम में सपोटरा, टोडाभीम, करौली, हिंडौन, सवाई माधोपुर, बौली, अचनेरा, नादौती, हिण्डौन सिटी से विवाह योग्य यवक-युवतियों के बायोडाटा जिसमें इंजीनियर, अध्यापक एवं व्यवसायी, सरकारी बच्चों का बायोडाटा एकत्रित किया।

## आरोपी गिरफ्तार

**नदबई**, (निस)। नदबई-खेडली सड़क मार्ग पर गांव कटारा के समीप बाइक सवार चाचा भतीजे से मारपीट कर नगदी सहित मोबाइल लूट के मामलें में करीब पांच माह से फरार आरोपी को पुलिस ने प्रोडक्शन बारण्ट पर सेवर जेल से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार उच्चैन थाना क्षेत्र के गांव तिया पट्टी निवासी अमित उर्फ पीके मीणा पुत्र अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया।

# बृज सोसायटी ने किया पौधारोपण

**भरतपुर**, (निस)। हरित बृज सोसायटी द्वारा डॉ अशोक पाराशर की अध्यक्षता एवं डॉ हरवीर सिंह, प्रिंसिपल एमएसजे कॉलेज भरतपुर के मुख्य आतिथ्य में कालेज परिसर में पिछली बार लगाए गए पौधों जो अतिवृष्टि के कारण खराब हो गए थे, उनके स्थान पर नए पौधे लगाए गए।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि आज 51 नए पौधे लगाए गए। जिनकी ऊंचाई 15 फीट तक है। लगाए गए एवं कालेज परिसर को हरा भरा करने का संकल्प दोहराया। लगाए गए पौधों में कचनार, गूलर, नेपाली कदंब, करंज, पीपल, अमलतास, अर्जुन आदि के पौधे मुख्य थे। इस अवसर पर संगठन मंत्री शीलम सिंह ने बताया कि सोसायटी द्वारा जो कॉलेज परिसर को हरा भरा करने का संकल्प लिया हैं। उसी के अनुसार सोसायटी द्वारा समय समय पर पौधों की देखभाल की जाएगी और यदि कोई पौधा खराब होता हैं तो उसके स्थान पर नए पौधे लगाए जायेंगे। अवनीश शर्मा द्वारा वृक्षारोपण में कालेज प्रशासन का आभार जताते हुए। उनके सहयोग की सराहना की। जितेंद्र सिंह द्वारा इस कार्य का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस कार्य से जुड़ने की अपील की गई।

## सार-समाचार

### जोनल महामंत्री अशोक शर्मा का स्वागत

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के जोनल महामंत्री अशोक शर्मा के गंगापुर सिटी पहुंचने पर संघ कार्यकर्ताओं में फूल माला एवं साफा पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद एसएस ई पी वे नॉर्थ ऑफिस में एवं क्रू एकीकृत लॉबी गंगापुर सिटी में गेट मीटिंग आयोजित की गई जहां रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महामंत्री अशोक शर्मा ने कहा कि वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ का इतिहास सदैव संघर्ष का रहा है। हमारी पुरानी पेंशन बहाली की लडाई जारी है, दूसरे संगठन के लोगों ने तो लडाई लडने से मना कर दिया है। लेकिन वेस्ट सेंटर रेलवे मजदूर संघ ही वह संगठन है जो इस लडाई को लड रहा है। एनपीएस यूपीएस के रद्द होने तक हमारी ओपीएस की लडाई जारी रहेगी। वेस्ट सेंटर रेलवे मजदूर संघ ने रेल कर्मचारी के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सालय की सुविधा दिलाने का काम किया है। मिनिमम बेसिक पे बढाने की बात हमने रेलवे बोर्ड के समक्ष रखी है। 5०प्रतिशत से महंगाई भत्ता ऊपर हो चुका है तमाम तरह के मिलने वाले भत्ते भी बढाने की मांग मजदूर संघ ने जोर शोर से उठा रखी है। उन्होने कहा कि आठवे वेतन आयोग का गठन जल्द से जल्द किया जाएगा। भारत सरकार ने रेल कर्मचारियों का डीए फ्रिज कर रखा है उसे हम किसी भी कंडीशन में हासिल करके रहेंगे। उन्होने सभी रेल कर्मचारियो से आगामी दिनों में चार-पांच एवं 6 दिसंबर को रेलवे मे मान्यता के चुनाव के दौरान मजदूर संघ के चुनाव चिन्ह गाय पर मोहर लगाकर मजदूर संघ को नंबर एक संगठन बनाने का कार्य करने का आह्वाहन किया है। उन्होने कहा कि चुनावी मौसम में बहुत से सरकारी संगठन आपकी एकता को तोडने के लिए चुनाव मैदान में आएंगे लेकिन आपको एकजुट रहने की आवश्यकता है और मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि बेस्ट सेंटर रेलवे मजदूर संघ सदैव आपके हित अधिकार के संघर्ष करेगा। इस मौके पर मंडल कोषाध्यक्ष डीके शर्मा सहायक मंडल सचिव समय सिंह मीणा केंद्रीय सदस्य पीसी मीणा मुंशी राम मीणा अशोक मीणा आर डी मीना बीएस चौहान शेर सिंह मीणा बलराम गुर्जर भंवर सिंह कठेरिया चेतराम मीणा ऋषिकेश मीणा लोकेंद्र चौधरी के एल मीणा यातायात निरीक्षक राजेश जोनवाल दिवान सिंह गजबी लाल मीणा सतपाल सिंह गणपत सिंह राजेंद्र गर्ग राजेश मीणा विजय सिंह गुर्जर हंसराज आदित्य सिंह सहित सैकडो रेल कर्मचारी मौजूद थे।

### सदस्यता अभियान 30 तक

**करौली**, (निसं)। आगामी दिनों में अग्रवाल समाज संस्था करौली द्वारा अग्रवाल युवा संगठन का चुनाव कराया जाएगा जिसकी सदस्यता का अभियान 30 नवंबर तक चलेगा। निर्वाचन समिति से जारी प्रेस नोट के अनुसार अग्रवालयुवा संगठन करौली का सदस्यता अभियान 30 नवंबर तक है। उन्होंने बताया कि अग्रवाल युवा संगठन का सदस्य बनने हेतु उसको नगर परिषद करौली क्षेत्र का निवासी होना आवश्यक है इसके अलावा उसकी आयु 1 जनवरी 2025 को कम से कम 18 वर्ष एवं अधिक से अधिक 35 वर्ष ही मान्य होगी,केवल सदस्य अग्रवाल युवा संगठन करौली के चुनाव में पदाधिकारी के चुनाव हेतु प्रत्याशी एवं मतदान करने का अधिकारी होगा और किसी भी विवाद कि स्थिति में निर्वाचन समिति का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा अग्रवाल समाज से जुड़े रमेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि युवा संगठन के सदस्यता अभियान हेतु करौली शहर के 21 प्रमुख स्थानों पर कैंप लगाकर युवाओं को सदस्यता अभियान से जोड़ा जाएगा जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### पानी की बूंद-बूंद के लिए हो रहे मोहताज

**करौली**, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय के अधिकांश क्षेत्र में इन दिनों पेयजल आपूर्ति गड़बडा जाने से लोग पानी कि बूंद बूंद के लिए मोहताज हो गए हैं। वैसे तो पेयजल समस्या भीषण गर्मी के दौर में आती है लेकिन अधिकारियों कि अनदेखी और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोग सर्दी के मौसम में भी पीने के पानी के लिए तरसते नजर आ रहे हैं करौली शहर के राजकीय महाविद्यालय के पीछे स्थित उच्च जलाशय से करीब 2 दिन से मात्र कुछ ही मिनट के लिए पेयजल सप्लाई दी जा रही थी लेकिन रविवार को तो स्थिति यह हो गई कि लोगों को एक बूंद पानी तक नसीब नहीं हो पाया जिसके चलते लोग पीने के पानी और नहाने धोने को तरस गए शहर कि साईनाथ खिडिकिया,कपडा बाजार,अनाज मंडी,सब्जीमंडी आदि क्षेत्र के लोगों ने अपने स्तर पर अड़ोसी,पड़ोसियों के यहां बोरिंग चलवा कर अपना कार्य पूरा किया अगर यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में पेयजल कि समस्या और भी विकराल रूप ले लेगी।

### मिठाई बांटकर जीत का मनाया जश्न

**करौली**, (निसं)। महाराष्ट्र के चुनाव और राजस्थान मे विधानसभा के उपचुनाव मे मिली सफलता के उपलक्ष मे भाजपा कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई बाटी गई एवं पटाखे फोड़ कर जश्न बनाया गया। इस अवसर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी,सुरेश शुक्ला, जयेन्द्र सिंह एडवोकेट,शहर मंडल महामंत्री आशीष जैन, के के सारस्वत, पुष्पेंद्र सैनी, अशोक चतुर्वेदी,योगेंद्र सिंहल, जगदीश, कुलदीप, कपिल जिंदल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कार्यकारिणी का गठन

**भरतपुर**, (निसं)। पूर्व सांसद पंडित राम किशन की अध्यक्षता में उनके निवास पर नयी दिशा मंच भरतपुर की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सदस्यों की सर्व सहमती से कौशलेश शर्मा को संयोजक, सेवानिवृत्त कमांडेंट ओमवीर सिंह व सेवानिवृत्त अमीन रेवेन्द्र सिंह को सह संयोजक नियुक्त किया गया। गठित कमेटी ने संयोजक को युवा लोगों शीघ्र बैठक बुलाकर युवा संयोजक की नियुक्ति की जाए। नयी दिशा मंच की पॉलिथिन मुक्त अभियान को गति प्रदान करने के लिए प्रतिदिन एक या दो वार्ड में बैठकें कर पॉलिथिन एकत्रितिकरण का अभियान चलाया जाए। बैठक में पूर्व सांसद पंडित राम किशन, श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ समाज सेवक कौशलेश शर्मा, समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, समता आन्दोलन के अशोक कुमार शर्मा, वरिष्ठ समाज सेवी व सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक श्याम सुंदर कटारा, युवा टीम सदस्य आकाश शर्मा, प्रिन्स शर्मा, सोनू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा की जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। देश में महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव के अलावा उत्तरप्रदेश-राजस्थान के उपचुनाव में भाजपा को मिली अप्रत्याशित जीत को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। महाराष्ट्र में कुल 288 सीटों में से 244 सीटों पर भाजपा को जीत मिली। उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनाव में 9 सीटों में से 6 सीटें भाजपा ने जीती है। राजस्थान में भी 7 सीटों में से 5 पर भाजपा ने जीत दर्ज की।

सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि यह पार्टी और कार्यकर्ताओं की जीत है, जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है। सभापति अग्रवाल के अलावा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने कहा कि निश्चित रूप से देश के प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में किए जा रहे कार्यों और सभी योजनाओं को आमजन ने सराहना करते हुए ही भाजपा के पक्ष में अपना मत एवं समर्थन देने का कार्य किया है। साथ ही केंद्र सरकार के साथ-साथ राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार द्वारा आम जन के हित में अपने कार्यकाल में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए जाने के कार्यों की सराहना करते हुए जनता ने भाजपा के पक्ष में 7



भाजपा की जीत पर पटाखा चलाते कार्यकर्ता।

में से 5 सीटों पर विजय दिलाने का काम किया है। पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल ने कहा कि उपचुनावों में भाजपा की जीत भजनलाल सरकार के कार्यों की जीत एवं देश के प्रधानमंत्री के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण देश में प्रधानमंत्री मोदी के कार्य के प्रति विश्वास और अटूट श्रद्धा की यह जीत है। भाजपा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि भाजपाइयों ने इस खुशी के मौके पर आतिशबाजी कर और मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस मौके पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धनसिंह मावई, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नागेश लोढी, उदयसिंह गुर्जर, महेन्द्र दीक्षित, गिरधारी सोनी, सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, उपसभापति वीरेंद्र पुजारी, उपप्रधान पुष्करसिंह जाट, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट नवीन शर्मा, नेमीचंद मीणा, बाबूलाल सैनी, पुखराज सलेमपुर, जमनालाल वैष्णव, जगदीश गिरी, मनमोहन बजाज, हरिप्रसाद बोहरा, गोपाल धमोनिया,मंजू सिंघल, सावित्री शर्मा, संगीता बोहरा, राधा दीक्षित, गौरंती मीणा,उर्मिला गुर्जर, पार्षद बबलू चौधरी,गौरव मंगल, योगेन्द्र शर्मा, रामबाबू शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा सहित दर्जनों पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

## दीपाली फौजदार का अभिनन्दन

**भरतपुर**, (निसं)। बहनेरा में आरजेएस 2024 में चयनित हुयी दीपाली फौजदार एवं अमन तेनगुरिया का ग्रामवासियों ने जोर-शोर से स्वागत व अभिनन्दन किया। अतिथि के रूप में एडीजे गजेन्द्र सिंह, डॉ बनय सिंह प्रोफेसर, सन्तोष फौजदार, राजकुमार 'पप्पा', हरीसिंह तेनगुरिया एडवोकेट, श्याम सिंह एडीईओ, नरेन्द्र सिंह सरपंच जघीना, सुरेशपाल सिंह सरपंच आदि रहे। ग्रामवासियों ने ढोल नंगाढ़ों से चयनित हुई प्रतिभाओं व अतिथियों का स्वागत करते हुए आतिशबाजी कर हर्ष जताया।

इस अवसर पर एडीजे गजेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी बच्चों को दीपाली एवं अमन का अनुशरण करना चाहिये। डॉ बनय सिंह ने कहा कि बच्चों को मन लगाकर कठिन परिश्रम पढ़ाई में करना चाहिये ताकि बाबा अम्बेडकर का भारत बन सके। संतोष फौजदार ने कहा कि मैंने विभिन्न पदों पर रहते हुए बहनेरा की सरदारी की सेवा व विकास कार्य करते हुए सरदारी का नाम रोशन किया है, मुझे खुशी है कि आज मेरी पुत्री ने मुझसे भी ज्यादा सरदारी और गांव का नाम रोशन किया है। मैं इस सफलता को अपने पूर्वजों के चरणों के समर्पित करता हूँ। दीपाली फौजदार ने भावुक होते हुए कहा कि आज पढ़ाई कर रहे व तैयारी कर रहे सभी विद्यार्थियों को लक्ष्य बनाकर जिद के साथ आगे बढ़ना चाहिये, सफलता निश्चित मिलेगी।

# सुभाषितम् व सामूहिक गीत प्रतियोगिता का आयोजन



नगर स्तरीय सुभाषितम् व सामूहिक गीत प्रतियोगिता का आयोजित हुई।

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंडौन नगर के तत्वावधान में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय पर नगर स्तरीय सुभाषितम् एवं सामूहिक गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें हिंडौन नगर की विभिन्न शाखाओ के स्वयंसेवकों द्वारा सुभाषितम् एवं सामूहिक गीत का प्रस्तुतीकरण किया गया।

सुभाषितम् प्रतियोगिता में हिंडौन नगर की विभिन्न शाखाओ के 9 स्वयं सेवकों ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें धर्म संस्कृति परोपकार एकात्मता राष्ट्रीयता धर्म जागरण शिष्टाचार आदि भावों को प्रकट करने वाले सुभाषितम् संभागियों द्वारा प्रस्तुत किए गए जिसमें आदर्श शाखा के स्वयंसेवक मुकेश कुमार लहकोडिया ने 32 सुभाषितम् बोलकर प्रथम स्थान, शिवाजी शाखा के स्वयंसेवक तिमन सिंह ने द्वितीय स्थान एवं प्रताप शाखा के स्वयंसेवक अशोक कुमार गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक गीत प्रतियोगिता में हिंडौन नगर की प्रताप शाखा, वीर सावरकर शिवाजी, श्री कृष्ण, भगत सिंह, एवं वर्धमान शाखा ने भाग लिया जिसमें प्रताप शाखा के स्वयंसेवकों ने "जागो तो एक बार हिंदू जागो रे" गीत गाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया शिवाजी शाखा ने द्वितीय एवं श्री कृष्ण शाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया नगर स्तरीय सुभाषितम् एवं सामूहिक गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहने वाले दल एक दिसंबर को जिला स्तर पर आयोजित सुभाषितम् एवं सामूहिक गीत प्रतियोगिता में हिंडौन नगर का प्रतिनिधित्व करेंगे सामूहिक गीत एवं सुभाषितम् प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में श्री कृष्ण बिहारी पाठक, मुकेश ,शांतनु कुमार (जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख) एवं श्री यादराम जी (सह जिला कार्यवाह) ने अपनी अहम भूमिका निभाई।